

# पिटाई करने वाला पुलिसकर्मी निलबिंत

## मैकेनिक पर स्कूटर में तुरंत काम कराने का जमाया रौब

- 250 रुपये के काम को लेकर हुआ विवाद
- पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 नवंबर. शहर में पुलिसकर्मियों की गुंडागर्दी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है. पिपलानी थाना क्षेत्र में बीते दिनों पहले हुई घटना के बाद अब बागसेवनियां थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी का मामला शनिवार को सामने आया है.**

पुलिसकर्मी ने एक वाहन मैकेनिक की पिटाई स्कूटर में मात्र 250 रुपये में होने वाले काम को लेकर कर दी. इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने आरोपी को निलंबित करते हुए जांच शुरू कर दिया है.

पुलिस पर यह भी आरोप है कि थाने के पुलिकर्मियों ने आरोपी को पीड़ित की पिटाई करने से भी नहीं रोका. बताया गया कि गुंडागर्दी करने वाले धाकड़ की पोस्टिंग वर्तमान में बैरागढ़ थाने में थी. मामला संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों ने आरोपी को तुरंत ही निलबिंत कर दिया.



> क्षेत्र के नारायण नगर में संचालित एक वाहन सर्विस सेंटर में देर शाम को पुलिसकर्मी राम अवतार धाकड़ अपनी स्कूटर लेकर पहुंचा. सेंटर में बतौर सर्विस एडवाइजर सचिन कुमार कुशवाह से धाकड़ ने स्कूटर का ब्रेक लिवर तुरंत बदलने का रौब जमाया. सचिन ने धाकड़ से गाड़ी में 250 रुपये के काम होने की बात कही. आरोप है कि धाकड़ ने रुपये देने से मना करते हुए इंश्योरेंस से काम कराने की बात कही. सचिन ने गाड़ी सेंटर पर ही कुछ देर छोड़ने की बात कही. इसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी धाकड़ ने नाराज होकर सचिन की बुरी तरह से पिटाई करनी शुरू कर दी. आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए हैं.

## शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी फरार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 नवंबर.** शाहपुरा थाना पुलिस ने एक किशोरी के शिकायत पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है. शनिवार को पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तीन साल से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने पुलिस को बयान दिया है कि वह साल 2022 से कॉलेज के समय से अपने ही एक रिश्तेदार युवक के संपर्क में आई. आरोपी ने किशोरी को शादी का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर उसके साथ दुष्कर्म किया. आरोपी ने इस बीच पीडिता का एक अश्लील वीडयो भी बना लिया था, जिसे वायरल करने की धमकी भी वह पीड़िता को लगातार देता था. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

# नियमित रूप से पैदल पेट्रोलिंग करें पुलिस

## पुलिस आयुक्त मिश्र ने बैठक में दिए निर्देश



> सभी थाना प्रभारी अपने मोबाइल फोन हमेशा चालू रखें तथा सभी बीट में सार्वजनिक स्थलों के एसीपी का शासकीय नंबर, थाना प्रभारी का नंबर, बीट प्रभारी का नंबर तथा थाना का अनिवार्य रूप से लिखवाए. क्षेत्र के सभी स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशे के विरुद्ध निरंतर जागरुकता अभियान चलाएं, साथ ही ऑपरेशन मुस्कान के तहत विभिन्न स्कूल तथा बस्तियों की महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर उन्हें जागरूक करें तथा पुलिस के इमर्जेंसी नंबर साझा करें.

**भोपाल, 22 नवंबर. पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए. शहर में अपराधों की रोकथाम, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें एडिशनल कमिश्नर अवधेश गोस्वामी, एडिशनल कमिश्नर मोनिका शुक्ला सहित सभी डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे.**

बैठक में पुलिस आयुक्त मिश्र ने सर्वप्रथम चारों जोन के थानावार अपराधों का ग्राफ, पेंडिंग अपराध, महिला संबंधी अपराध, सीएम हेल्पलाइन शिकायत, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटी तामीली, निगरानी/गुंडा फाइल, आबकारी एक्ट, जुआ एक्ट तथा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायत का उत्कृष्ट निवारण के लिए थाना खजूरी सड़क, मंगलवारा, बैरागढ़, अशोका गार्डन के थाना प्रभारियों की सराहना की. पुलिस आयुक्त ने इस मौके पर निर्देशित किया कि शहर में अपराधों पर नियंत्रण तथा आमजन की सुरक्षा के मद्‌देनजर सभी थाना प्रभारी शाम के समय गणना उपरांत अपने क्षेत्र मे नियमित रूप से पैदल पेट्रोलिंग करें, विजिबिलिटी बढ़ाए व असामाजिक तत्वों पर नजर रखे, जिससे गुंडे बदमाशों में डर बना रहे तथा आमजन में विश्वास बना रहे.

# समाधान योजना : 49 हजार 389 बकायादारों ने कराया पंजीयन


- 59 करोड़ 58 लाख मूल राशि हुई जमा
- 32 करोड़ 84 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

**भोपाल, 22 नवंबर. विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ हजारों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक 49 हजार 389 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है.**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 59 करोड़ 58 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 32 करोड़ 84 लाख से अधिक का सरचार्ज माफ किया गया है. समाधान योजना के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं, जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं.

## भाजपा अध्यक्ष ने की प्रभारियों की नियुक्ति

**भोपाल, 22 नवंबर.** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपनी टीम की घोषणा के लगभग एक महीने बाद आज मोर्चा और प्रकोष्ठ प्रभारियों की नियुक्ति कर दी। पार्टी अध्यक्ष खंडेलवाल की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार मनोरंजन मिश्रा को प्रदेश मोर्चा प्रभारी, आशुतोष तिवारी को प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी और जितेंद्र लिटोरिया को कार्यालय व्यवस्था प्रभारी घोषित किया गया है। इसके पहले अक्टूबर महीने के आखिरी सप्ताह में खंडेलवाल ने अपनी समूची टीम की घोषणा की थी.





## एसआईआर में संतों का सहयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाएगा : रविन्द्र यति

**भोपाल, 22 नवंबर. भाजपा के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में एसआईआर को लेकर विभिन्न समाजों के साधु संत एवं समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई.**

भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि एसआईआर में संतों का सहयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाएगा। बैठक में धर्मगुरु अनिलानंद जी महाराज, विष्णु राजोरिया, चंद्रशेखर तिवारी सहित प्रमुखजन मंचासीन रहे. बैठक को एसआईआर समिति के संयोजक व विधायक भगवानदास सबनानी भोपाल के नवनियुक्त संभाग प्रभारी नागदा विधायक तेजबहादुर सिंह चौहान एवं सह संयोजक प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया.

## युवकों पर डंडे बरसाने वाले 7 गिरफ्तार

**भोपाल।** शाहपुरा थाना पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है. क्षेत्र में चार युवकों की लाठी-डंडे से हमला करते हुए पिटाई करने वाले अन्य बदमाशों की तलाश अभी जारी है.

वाइसरॉय कॉलोनी में शुक्रवार को देर रात को रहवासी युवकों पर हमला हुआ था. हमलावरों ने शेखर, आकाश, विशाल और नवल को घेरते हुए लाठी डंडे से पिटाई की थी, जिन युवकों पर हमला किया गया वह सभी दोस्त हैं. चारों दोस्तों की कार इसी रात को कुछ घंटे पहले अरेरा हिल्स में एक कार से टकरा गई थी. टक्कर होने से दोनों पक्षों की तरफ से गाली-गलौच हुई थी.

# कलेक्टर ने दिए 3 बीएलओ और सुपरवाइजर को नोटिस

लापरवाही मिलने पर कार्रवाई

**भोपाल, 22 नवंबर. विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बीएओ को नोटिस जारी किया है. विधानसभा क्षेत्र 151 नरेला के 3 बीएलओ सुपरवाइजर और 3 बीएलओ को कारण-बताओ नोटिस जारी किया गया है.**

कलेक्टर सिंह ने नरेला क्षेत्र की समीक्षा के दौरान निर्धारित कार्य प्रगति में गंभीर कमी और फील्ड रिपोर्टिंग में अनियमितताएँ पाई, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई. नोटिस प्राप्त करने वाले बीएलओ सुपरवाइजरों में संजीव जौहरी, गोविंद ढाक्स्या और राधेश्याम साहनी शामिल हैं. इसी प्रकार कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाने और समयबद्ध निर्देशों का पालन न करने पर बीएलओ अजय तावड़े, अर्जुन पटेल एवं रंजना शर्मा को भी कारण-बताओ नोटिस जारी किया गया है. कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है.


एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-25 मिनट


एस्पायर सिलिकॉन सिटी


एस्पायर लेज़र पार्क

**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-35 मिनट


एस्पायर लेज़र वैली


एस्पायर सेंचुरियन पार्क

**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि-
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 24.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 27.11.2025
ई.एम.डी.राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

7 पैकेज़ जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

ई-नीलामी की तिथि
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 25.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 28.11.2025

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414